भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1466

(दिनांक 31.07.2024 को उत्तर देने के लिए)

एफएम रेडियो स्टेशन हेतु नई योजना

1466. श्री नवसकनी के. :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में तमिलनाडु में कितने एफएम स्टेशन कार्यशील हैं;

(ख) क्या सरकार का देश में नए एफएम रेडियो स्टेशन स्थापित करने के लिए कोई योजना शुरू करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) देश में नए एफएम स्टेशन स्थापित करने के लिए विशेषकर तमिलनाडु में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कौन से स्थान चिह्नित किए हैं;

(ङ) क्या सरकार निजी एफएम रेडियो के तृतीय चरण नीति के अंतर्गत तमिलनाडु सहित देश के सभी शहरों में चैनलों की नीलामी कर रही है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क): वर्तमान में, तमिलनाडु राज्य में आकाशवाणी के 15 एफएम स्टेशन/रिले केंद्र और 29 प्राइवेट एफएम चैनल कार्यशील हैं।

(ख) और (ग): प्रसार भारती सरकार द्वारा अनुमोदित योजनाओं के अनुसार एफएम रेडियो स्टेशन स्थापित करता है। सरकार की सहायता "बीआईएनडी" स्कीम के तहत प्रदान की जाती है। सरकार समय-समय पर प्राइवेट एफएम चैनलों के लिए ई-नीलामी आयोजित करती है।

(घ): वर्ष 2023-24 में मंत्रालय द्वारा स्वीकृत नए आकाशवाणी स्टेशन स्थापित करने के स्थान **अनुलग्नक** में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार दिए गए हैं।

(ङ) और (च): तमिलनाडु राज्य सहित देश के उन शहरों का विवरण, जहां सरकार ने प्राइवेट एफएम चरण-III नीति के अंतर्गत नीलामी आयोजित की है तथा वर्तमान में प्रचालनरत एफएम चैनलों का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट www.mib.gov.in पर उपलब्ध है।

अनुलग्नक

दिनांक 31.07.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1466 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

देश में नए आकाशवाणी एफएम स्टेशन स्थापित करने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थानों की सूची

क्र.सं.	राज्य	ज़िला	स्थान
1	आंध्र प्रदेश	विजयनगरम	विजयनगरम
2	आंध्र प्रदेश	कुरनूल	नंदयाल
3	आंध्र प्रदेश	विशाखापत्तनम	चिंतापल्ले
4	बिहार	दरभंगा	दरभंगा
5	बिहार	गोपालगंज	गोपालगंज
6	बिहार	कटिहार	कटिहार
7	बिहार	सहरसा	सहरसा
8	बिहार	पूर्वी चंपारण	मोतिहारी
9	छत्तीसगढ	बस्तर	जगदलपुर
10	छत्तीसगढ	दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा	बैलाडीला
11	छत्तीसगढ	कोंडागांव	कोंडागांव
12	छत्तीसगढ	नारायणपुर	नारायणपुर
13	छत्तीसगढ	उत्तर बस्तर कांकेर	कांकेर
14	गुजरात	देवभूमि द्वारका	देवभूमि द्वारका
15	गुजरात	कच्छ	भुज
16	गुजरात	पाटन	राधनपुर

17	गुजरात	भावनगर	भावनगर
18	गुजरात	मोरबी	मोरबी
19	हिमाचल प्रदेश	चंबा	चंबा
20	हिमाचल प्रदेश	मंडी	सरकाघाट
21	हिमाचल प्रदेश	मंडी	धरमपुर
22	झारखंड	पाकुड़	पाकुड़
23	झारखंड	सिमडेगा	सिमडेगा
24	झारखंड	गिरिडीह	गिरिडीह
25	झारखंड	कोडरमा	कोडरमा
26	कर्नाटक	शिमोगा	शिमोगा
27	कर्नाटक	उडुपी	उडुपी
28	लद्दाख	लेह (लद्दाख)	लेह
29	मध्य प्रदेश	सिंगरौली	सिंगरौली
30	महाराष्ट्र	बीड	अंबाजोगाई
31	ओडिशा	सुंदरगढ़	बोनाईगढ़
32	ओडिशा	बालासोर	बालासोर
33	राजस्थान	श्री गंगानगर	अनूपगढ़
34	राजस्थान	जैसलमेर	जैसलमेर
35	राजस्थान	सीकर	सीकर
36	राजस्थान	टोंक	टोंक
37	राजस्थान	उदयपुर	वल्लभनगर
38	तमिलनाडु	सालेम	येरकाउड
39	तमिलनाडु	तंजावुर	कुंभकोणम

40	तमिलनाडु	वेल्लोर	वेल्लोर
41	उत्तर प्रदेश	फर्रुखाबाद	फर्रुखाबाद
42	उत्तर प्रदेश	एटा	एटा
43	उत्तर प्रदेश	हरदोई	हरदोई
44	उत्तर प्रदेश	बस्ती	बस्ती
45	उत्तराखंड	नैनीताल	नैनीताल
46	उत्तराखंड	पिथोरागढ़	मुनस्यारी
47	उत्तराखंड	पिथोरागढ़	पिथोरागढ़
48	पश्चिम बंगाल	कलिम्पोंग	कलिम्पोंग

*****